संतकबीरनगर पुलिस

जनपद - संतकबीरनगर **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 20.07.2022**

आज दिनांक 20.07.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक **श्री संतोष कुमार सिंह** के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री के खिलाफ की कार्यवाही के अन्तर्गत 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना महुली पुलिस द्वारा 10-10 लीटर कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्त नाम पता 1 – संदीप कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी तरैनी 2 – आशुतोष अग्रहरी पुत्र बाबूराम निवासी पिड़ारी पूर्वी थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर थाना महुली पर क्रमशः मु0अ0सं0 216 / 2022 व 218 / 2022 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- प्रभारी चौकी शनिचरा बाबू उ0नि0 श्री रमेश यादव, प्रभारी चौकी मोलनापुर उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र यादव, का0 लालचन्द, का0 मनीष शर्मा, का0 शिवजी चौरसिया।

थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 01 अभियुक्त नाम पता अमरजीत पुत्र श्रीनिवास निवासी निघुरी थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर थाना बेलहरकला पर मु0अ0सं0 131 / 2022 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- हे0का0 सुरेन्द्र प्रसाद मय हमराह।

01 अदद अवैध चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

थाना महुली पुलिस द्वारा एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक अभियुक्त नाम पता रामू शर्मा पुत्र जनार्दन प्रसाद निवासी अमरडोभा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती को भोगीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर थाना महुली पर मु0अ0सं0 215 / 2022 धारा 4 / 25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम – उ0नि0 श्री नत्थू प्रसाद, का0 दिपेश सिंह, का0 मनीष प्रभात।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 11 अभियुक्त गिरफ्तार

- **धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बखिरा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 1487 द्वारा मारपीट / विवाद के दौरान घायल 02 व्यक्तियों को पहुंचाया गया अस्पताल –

पीआरवी 1487 को थाना दुधारा क्षेत्रान्तर्गत हटवा से इवेन्ट संख्या 17730 से कालर ने मारपीट / विवाद के दौरान 02 व्यक्तियों (कोईल पुत्र पंचम, दिनेश पुत्र पंचम निवासी हटवा) के घायल होने के संबंध मे सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर समय से पहुंचकर मारपीट में घायल व्यक्तियों को जरिए एंबुलेंस 108 से प्रा0स्वा0 केन्द्र सेमरियांवा भेजवाया गया तथा दुर्घटना के संबंध मे थाना दुधारा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – मु0आ0 मनोज कुमार प्रसाद, आरक्षी संतोष कुमार शुक्ला, हो0चा0 सुरजीत कुमार ।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 65 वाहनो से 48500 रू0 सम्मन वसूल किया गया

आज दिनांक 20.07.2022 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 65 वाहनों से 48500 रू0 सम्मन शुल्क वसूल वाहन किया गया।